कार्यालय कुलसचिव,
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
कानपुर-२०८००२

Phone No. (Office) : 0512- 2533704 & 2970000
0512-2534156-62 (Ext. 107)
Fax No. 0512-2533808
E.mail: registrar@csauk.ac.in

पत्रांक:सीएसएयू/आर–1596 /दी0समा0 दिनांक: 6.9. 2024

श्री/कु0...

अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित करना है कि चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर का **26वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 दिन शुक्रवार** को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न संकायों की उपाधियॉ उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जायेगी। आशा है कि आप इस पुनीत सुअवसर पर अवश्य सहभागी होंगें।

इस सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं से आपको अवगत कराना आवश्यक है:–

1. कृपया संलग्न प्रारूप पर कुलसचिव कार्यालय को अपना प्रार्थना पत्र दिनांक 20.09.2023 तक डाक/व्यक्तिगत/ईमेल (E.mail: registrar@csauk.ac.in) से अवश्य प्राप्त करा दें।
2. दीक्षान्त समारोह से एक दिन पूर्व अर्थात दिनांक **03 अक्टूबर, 2024 दिन गुरूवार को प्रातः 10.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी उपाधि प्राप्त कर लें। कार्यक्रमानुसार समारोह के दिन उपाधि हस्तगत कराना सम्भव नही हो पायेगा। आप जिस उपाधि/उपाधियों को प्राप्त करने की अर्हता रखते है, के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत **पी0डी0सी0 एवं परिचय पत्र मूल** रूप में साथ लाने का कष्ट करें।
3. दिनांक **03 अक्टूबर, 2024 दिन गुरूवार** को उत्तरीय भी दे दी जायेगी। समारोह में भाग लेने के लिए उत्तरीय प्राप्त करना एवं उसे धारण करना अनिवार्य है। स्नातक, परास्नातक एवं पी–एच0डी0 छात्रों को **उत्तरीय के लिए रू0 400/– नकद प्रतिभूति के रूप में जमा** करना होगा। दीक्षान्त समारोह समापन के अगले दिनांक **05 अक्टूबर, 2024** को उत्तरीय वापस करने पर परिरक्षा रू0 25/– शुल्क के रूप में निर्धारित कटौती करके शेष राशि आपको वापस कर दी जायेगी। उत्तरीय दूसरे दिन वापस न करने पर अथवा उसके आंशिक/पूर्णरूपेण नष्ट/खराब हो जाने की स्थिति में आप द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि अधिग्रहीत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं हेतु निर्धारित वेशभूषा में आना अनिवार्य है जो निम्नलिखित है:–

   अ) **छात्रों हेतु :** काली पैन्ट, सफेद शर्ट, लाल रंग की टाई एवं काले जूते

   ब) **छात्राओं हेतु :** सफेद सलवार सूट, लाल रंग की चुन्नी

संलग्नक: प्रारूप

कुलसचिव

Saty.Stu.letter

प्रेषक,

....

....

आई0डी0 सं0 ....

पाठ्यक्रम...

मोबाइल नं0..

सेवा में,

कुलसचिव,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौ0वि0वि0,
कानपुर–208002

महोदय,

आपके पत्र सं0: सीएसएयू/अ॰र– /दीक्षान्त समारोह दिनांक , 2024 के सन्दर्भ में निवेदन करना है कि मै विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षान्त समारोह (दिनांक 04.10.2024) में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करूँगा/करूँगी। मै निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 03.10.2024 गुरूवार को विश्वविद्यालय में उपस्थित हो जाऊँगा/ जाऊँगी।

1. छात्र का नाम:
   (हिन्दी में) ....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....

2. उपाधि जो प्राप्त करनी है:– उपाधि... वर्ष..........................

प्रार्थी

दिनांक:.......................................

हस्ताक्षर ....

छात्र का नाम ....

पता...

मोबाइल नं0..

Saty.Stu.Degree